# समाहरणालय सिवान

## जिला बाल संरक्षण इकाई, सिवान

मालवीय नगर, नई बस्ती, प्रभावती देवी कॉलेज के सामने उत्तर की ओर जाने वाली गली

ईमेल–adcpsiwan@gmail.com

### विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, सिवान में संविदा के आधार पर अस्थायी नियोजन हेतु विज्ञापन
(विज्ञापन संख्या–01/24)

निदेशक, समाज कल्याण–सह–उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार, पटना के पत्रांक–37, दिनांक–16.02.2024 के आलोक में जिला बाल संरक्षण इकाई, सिवान द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, सिवान में विभिन्न रिक्त पदो पर संविदा के आधार पर अस्थायी नियोजन हेतु पैनल निर्माण के लिए भारतीय नागरिको से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| Sl. No | Name of Post | Essential Qualification & Experience | Desired Competencies | No. of Post & Reservation Category | Age | Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Manager/ Co-ordinator | *Bachelor in social work/ Sociology/ Psychology/ Law or any other social sciences.<br>OR<br>*Graduate in any other stream with diploma or certificate in child protection/ counselling/child development from a regognised university or a reputed institute may also apply.<br>*At least 2 years of experience of working in social development sector preferablly in a pre-school or child care institution. | *Good oral and written communication skills in Hindi and English.<br>*Having demonstrable child sensitivity and a positive attitude to work with new born and infants.<br>*Having good planning coordination and public relation skills.<br>*Demonstrable managerial skills.<br>*Should have problem solving and leadership and team work skills.<br>* Ability to work on MS-Office.<br>*Ability to consistently meet reporting deadlines | 01 UR | 25 to 40 Years | Rs. 23,170/- |
| 02 | Social Worker -cum- Early Child Educator | *Graduate in social work /Psychology or any other social sciences stream with one year experience of working with young children or with children in difficult circumstances<br>*Work with children of the Juvenile Justice System to be added advantage. | *Good oral and written communication skills in Hindi and English.<br>*Ablity to communicate in local language<br>*Sensitivity to issue related to vulnerable children | 01 UR | 22 to 35 Years | Rs. 18,536/- |
| 03 | Nurse | *Intermediate& diploma in Nursing from a Government/ Indian Nursing council recognized nursing institute.<br>*A minimum of 1 year experience in hospital/health facility. | *Preference would be given to candidate having experience of working with disablitites/ mental disability/HIV+ children | 01 UR | upto 45 Years | Rs. 11,916/- |
| 04 | Doctor (Part Time) | MBBS | On referral | 01 UR | - | Rs. 9,930/- |
| 05 | Chowkidar | A person with functional literacy | *Demonstrable attitude of love and affection for children in difficult circumstances | 01 UR | 20 to 45 years | Rs. 7,944/- |

1. इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आवेदन पत्र, बायोडाटा, फोटोग्राफ, सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, अंक पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ दिनांक–05.08.2024 के शाम 05:00 बजे तक Speed Post अथवा निबंधित डाक अथवा ईमेल (adcpsiwan@gmail.com) द्वारा **सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, मालवीय नगर, नई बस्ती, प्रभावती देवी कॉलेज के सामने उत्तर की ओर जाने वाली गली, सिवान (बिहार), पिन–841226** के पते पर भेज सकते है। आवेदन पत्र दिनांक–05.08.2024 के शाम 05:00 बजे तक स्वीकार किया जाएगा। उपरोक्त समय–सीमा के पश्चात् तथा अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही होंगे। एक से अधिक पदो के लिए अलग–अलग आवेदन ही मान्य होंगे।
2. आवेदन निबंधित डाक द्वारा आवेदन पत्र भेजने के क्रम में लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरो में **"विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, सिवान में नियोजन हेतु आवेदन पत्र एवं पद का नाम"** उल्लेख करेंगे।
3. समन्वयक/सामाजिक कार्यकर्ता/ए0एन0एम0 के पद पर चयनित अभ्यर्थियो को संस्थान में ही नियमानुसार आवासित रहना होगा।

4.अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

5.साक्षात्कार की तिथि को आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति सत्यापन हेतु लाना अनिवार्य होगा।

6.उक्त विज्ञापन के संबंध में सभी प्रकार की सूचना यथा–साक्षात्कार में भाग लेने हेतु योग्य अभ्यर्थियों की सूची, अभ्यर्थियों की मेधा सूची आदि का प्रकाशन समय–समय पर https://siwan.bih.nic.in एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा।

7.उम्मीदवारों द्वारा आवेदन पत्र में गलत तथ्य या प्रमाण पत्र देने पर उनका नियोजन कभी भी निरस्त किया जा सकता है। यह नियोजन पूर्णतया अस्थाई है। प्रतिकूल आचरण पाए जाने पर नियोजन कभी भी समाप्त कर दिया जाएगा।

8.सरकार द्वारा आदेश प्राप्त होने या अन्य कारणों से अगर संस्थान का संचालन बंद हो जाता है तो सभी कर्मियो का नियोजन स्वतः समाप्त हो जाएगा।

9.अस्थाई नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जाएंगे और न ही सरकारी सेवकों को अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जाएंगे। अस्थाई नियोजन के पश्चात् सरकारी सेवा में नियमितीकरण का दावा किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।

10. किसी भी न्यायिक विवाद की स्थिति में अथवा अन्य कारणों से इस विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, सिवान के पास सुरक्षित रहेगा।

12/07/2024

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई,
सिवान।

ज्ञापांक 521 जि0बा0सं0इ0,सिवान          दिनांक 12 / 07 / 2024

प्रतिलिपिः– निदेशक, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, सिवान को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सिवान को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि इस विज्ञापन को अपने कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपिः– आई0टी0 मैनेजर, सिवान को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि उक्त विज्ञापन को जिला स्तरीय वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

12/07/2024

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई,
सिवान।